दिन–गुरूवार दिनांक– 02 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

निर्वाचन आयोग ने पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इस सीट के लिए तीस जुलाई को मतदान होगा। अधिसूचना छह जुलाई को जारी होगी और इसी दिन से नामांकन पत्र भरने की काम भी शुरू हो जायेगा। अभ्यर्थी तेरह जुलाई तक नामांकन कर सकेंगे। चौदह जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और नाम वापसी की अंतिम तिथि सोलह जुलाई निर्धारित है। मतों की गिनती तीन अगस्त को होगी। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के इस्तीफे के कारण इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना मेट्रो रेल परियोजना के प्राथमिक कॉरिडोर के तहत मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का लोकार्पण और मेट्रो सेवा के विस्तार का शुभारंभ किया। इसके साथ ही पटना में मेट्रो रेल सेवा का विस्तार आईएसबीटी से मलाही पकड़ी तक हो हो गया है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेन्द्र प्रसाद यादव, नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद नितिन नवीन तथा सांसद रविशंकर प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————

प्रदेश में आज बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पटना के ज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया। श्री चौधरी ने कहा कि विकसित भारत, समृद्ध बिहार थीम पर आयोजित जागरूकता सप्ताह का उद्‌देश्य भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को और मजबूती देना है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार समाज और व्यवस्था को कमजोर करता है तथा विकास की गति का बाधित करता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से भ्रष्टाचार मुक्त बिहार के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इधर, इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने अपने संदेश में सभी राज्यवासियों से अपने–अपने कार्य क्षेत्र में ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

———————————————————————

प्रदेश में आगामी चौदह अगस्त तक एक करोड़ लोगों की टीबी स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मिशन मोड में अभियान चलाकर लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। टीबी–मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक में बताया गया कि राज्य की दो करोड़ छिहत्तर लाख लक्षित आबादी में अब तक उनतालीस लाख लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। यह लक्ष्य का केवल चौदह प्रतिशत है।

———————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर के अधवारा में सबसे अधिक छियासी दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज अरवल और रोहतास जिले में भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में धूलभरी आंधी के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने पटना से वेतन आयोग के अवर सचिव आमोद मिश्रा को बीस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अधिकारी एक सेवानिवृत्त कर्मी से एरियर के भुगतान के एवज में रिश्वत ले रहा था।

———————————————————————

बेंगलुरु दक्षिण तालुक में एक चट्टान के गिरने से सात प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई। स्थानीय प्रशासन के अनुसार मृतकों में बिहार के रहने वाले श्रमिक भी शामिल हैं।

———————————————————————

सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र अनतर्गत नरसिंहभानपुर गांव में तालाब में नहाने के दौरान डूबने से दो किशोरियों की मौत हो गयी।

———————————————————————

मुंगेर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक ऑटो रिक्शा से भारी मात्रा में शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में एक किराने की दुकान में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गयी। अगलगी की घटनों में लाखों रूपये मूल्य की सम्पत्ति जलकर नष्ट हो गयी। हादसे में एक युवक गम्भीर रूप से झुलस गया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।